# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर पर एनएसयूआई का जश्न, सर्किट हाउस चौराहे पर फोड़े पटाखे

सतना।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर सामने आते ही भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस फैसले का स्वागत करते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख सर्किट हाउस चौराहे पर जोरदार जश्न मनाया और आतिशबाजी की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता और छात्र नेता सर्किट हाउस चौराहे पर एकत्र हुए। उन्होंने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नारेबाजी की और बम-पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि देश की शिक्षा नीति,प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों और छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर वे लंबे समय से शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। एनएसयूआई नेताओं ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह देश के करोड़ों छात्रों और युवाओं के संघर्ष की जीत है। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार के लिए यह कदम बेहद जरूरी था। जश्न के दौरान चौराहे पर काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। छात्र नेताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में देश के छात्रों के हित में बेहतर और पारदर्शी फैसले लिए जाएँगे।





## खबर संक्षेप

### मैहर के वैभव सराफ का सुयश



**मैहर।** नीट परीक्षा 2026 में शानदार सफलता पाकर वैभव सराफ ने बढ़ाया मैहर नगर और समाज का गौरव। मैहर शहर के प्रतिष्ठित सराफ परिवार के प्रतिभाशाली छात्र संजीव सराफ प्रीती सराफ के पुत्र व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक सराफ के बड़े पोते वैभव सराफ ने 2026 की नीट परीक्षा पास कर परिवार, समाज एवं मैहर जिला का नाम गौरान्वित किया है। वैभव ने नीट 2026 की परीक्षा में 98.78 परसेन्टिल एयर 24112,ओबीसी एनसीएल रैंकः11558 प्राप्त किया है। वैभव,एडवोकेट संजय सराफ,गणेश सराफ व नितिन सराफ के भतीजे है उनकी कड़ी मेहनत,अनुशासन,लगन और दृढ़ संकल्प ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर सफलता प्राप्त की जा सकती है,उनकी उपलब्धि समाज और मैहर नगर के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक बनेगी,नगर और समाज के हर वर्ग,जाति और जानने बालों ने वैभव की इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

### नीलकंठ आश्रम ओयला मंदिर में मूर्ति खंडित, श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश

**मैहर।** मैहर के नीलकंठ आश्रम ओयला मंदिर में उस समय सनसनी फैल गई,जब अज्ञात व्यक्ति द्वारा आश्रम परिसर में स्थापित नवीन मूर्तियों को खंडित किए जाने की घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार,1008 स्वामी नीलकंठ जी महाराज एवं स्वामी बम महाराज जी की उन मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया,जिनकी आगामी जनवरी माह में प्राण-प्रतिष्ठा प्रस्तावित थी। घटना की सूचना मिलते ही नील कंठ आश्रम से जुड़े भक्तों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंचने लगे,जिसके बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस एवं प्रशासन मौके पर पहुंचा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान,तहसीलदार जितेन्द्र पटेल, एसआई संतोष उलाड़ी,एसआई वंदना गर्ग,नेक सिंह,रावेंद्र दोहरे,अतुल दाहिया सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मूर्तियों को खंडित करने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है,जबकि प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखें।

### किसान कांग्रेस ने किसानों और युवाओं के मुद्दों पर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर शनिवार को जिला किसान कांग्रेस कमेटी मैहर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर आयोजित किया गया। ज्ञापन में किसानों की सबसे बड़ी समस्या डीएपी एवं उर्वरक वितरण को लेकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया।

## शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार, धारकुंडी पुलिस ने 12 घंटे में भेजा जेल

सतना।

धारकुंडी थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित और कड़ी कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की इस मुस्तैदी की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने धारकुंडी थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी उसे शादी का झूठा झांसा देकर लंबे समय से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था।जब पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाया,तो आरोपी ने साफ़ तौर पर शादी से इंकार कर दिया और उसे जान से मारने की धमकियाँ देने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए धारकुंडी थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी सर्विलांस की मदद से दबिश देकर आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर धर दबोचा। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान जरिहा निवासी 25 वर्षीय अभिमान प्रजापति (पिता बेटालाल प्रजापति) के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।



### गुरु पूर्णिमा पर्व पर शासकीय संगीत महाविद्यालय में संगीत संध्या का आयोजन

**मैहर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के सौजन्य से शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर में भारतीय संस्कृति एवं गुरु शिष्य परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 29जुलाई दिन बुधवार को शायं 7:00 बजे से संगीत महाविद्यालय के सभागार में सांगीतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ग्वालियर से सुश्री अंशिका चौहान एवं मीरा वैष्णव का शास्त्रीय गायन एवं जबलपुर से अखिलेश पटेल एवं साथी का कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी,साथ ही महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा गुरु वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति होगी। सभी विद्यार्थी,संगीत प्रेमी,एवं नगर वासी सपरिवार उक्त कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

## खाना बनाते समय फटा प्रेशर कुकर, युवती गंभीर रूप से झुलसी; रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर

सतना।

अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है,जहाँ रसोई घर में खाना पकाते समय अचानक प्रेशर कुकर फट गया। इस भीषण हादसे में एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई है। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग दहल गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार,युवती रोजाना की तरह रसोई में खाना बना रही थी, तभी अचानक प्रेशर कुकर में अत्यधिक दबाव बनने के कारण वह जोरदार धमाके के साथ फट गया। कुकर फटने से उसकी गर्म सामग्री और धातु के टुकड़े युवती पर जा गिरे,जिससे उसकी गर्दन, आँख और शरीर के अन्य हिस्से गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के तुरंत बाद परिजन आनन-फानन में घायल युवती को उपचार के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन लेकर पहुँचे। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज शुरू किया,लेकिन युवती की स्थिति चिंताजनक और नाजुक पाई गई। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए संजय गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल,रीवा के लिए रेफर कर दिया है। फिलहाल मेडिकल कॉलेज में युवती का इलाज जारी है, जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## सनातन धर्म की रक्षा करने कलेक्टर को सौंपा गया मांग पत्र

**मैहर।** मां चंद्रिका धाम विद्या ग्राम विकास समिति इटौरा कटनी ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन देते हुए सनातन धर्म एवं शिक्षा संस्कृति की रक्षा हेतु कार्यवाही की मांग की गई है। मां चंद्रिका धाम विद्या ग्राम विकास समिति इटौरा के लल्लू राम ने जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया है कि सनातन धर्म होने के बाद भी गौ माताओं की देखभाल करने के लिए ग्रामीण अंचलों में बनाए गए गौचरों एवं गौशालाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है जिसके चलते गौवंश आज इधर उधर भटक रही है और सरकार के ओर से गौशालों को मिलने वाली राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। गांवों में गौचर भूमि की पहचान कर अतिक्रमणमुक्त करााया जाना चाहिए। इसी तरह हमारी संस्कृति भाषा की क्लासें विद्यालयों में नहीं लगाए जाने से संस्कृत भाषा देश के शिक्षा विभाग से लुप्त होती जारही है जिसे विद्यालयों में आवश्यक विषय संस्कृति संस्कार केन्द्र को खोल कर पढ़ाने के निर्देश दिए जाए जिससे सांस्कृतिक भाषा का प्रचार प्रसार हो सके। आज मां चंद्रिका धाम उपेक्षित होने से मंदिर लुप्त होता जारहा जा रहा है जिसका जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए। आज रेलवे स्टेशनों एवं बस स्टैण्डों में फैले साधू संत भगवा पहनकर भिक्षा वृति की आड़ में सनातन धर्म को बदनाम करने का काम किया जा रहा है। आज साधु संत मे वेश में अपराधी भी घूम रहे जिनका पहचान पत्र भी बनवाया जाना चाहिए। ऐसे भगवाधारी लोग साधू को वेश धर करे लोगों से 10-20 रुपए मांग कर नशे का उपयोग करते है। ऐसे लोगों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए।

### ललिताम्बा शक्तिपीठ आश्रम में गुरू पूर्णिमा का आयोजन आज

**सतना।** ललिताम्बा शक्तिपीठ आश्रम रमपुरवा धाम (उचेहरा) में रविवार 26 जुलाई को गुरू पूर्णिमा का आयोजन किया गया है। जगद्गुरू देवाचार्य आचार्य जयराम दास जी महराज हरिद्वार से शनिवार की सुबह रमपुरवा पहुच गये हैं।आचार्य मनोजमणि शास्त्री एवं आश्रम प्रभारी रबि शंकर पाठक महराज ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि गुरू पूजन की तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। मनोजमणि शस्त्री ने बताया की गुरूदेव भगवान का पूजन प्रात 9 बजे से आरंभ होगा। जो दिन भर चलेगा। दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रसाद बितरण होगा। इस अवसर पर जगद्गुरू देवाचार्य आचार्य जयराम दास जी महराज के प्रवचन आर्शिवचन होंगे। सतना,रीवा,सीधी,शहडोल,मैहर,पन्ना,छतरपुर सहित आसपास के शिष्य गुरू पूजन के लिए रमपुरवा पहुच रहे हैं। सभी से शामिल होने की अपील की गई है।

## चित्रकूट गैंगरेप कांड: 50 हजार का इनामी मुख्य आरोपी एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**सतना।** चित्रकूट की देवांगना घाटी में छात्रा से हुए सनसनीखेज गैंगरेप मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार शाम पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद 50 हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी जितेंद्र उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस शॉर्ट एनकाउंटर में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जबकि जवाबी गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। दोनों को इलाज के लिए शिवरामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।





**मड़था के जंगलों में हुई मुठभेड़**

यह मुठभेड़ शनिवार शाम करीब 5 बजे भरकूप थाना क्षेत्र के मड़था के जंगलों में हुई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के अनुसार आरोपी की लोकेशन जंगल में मिलने पर एसओजी टीम और बहिलपुरवा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की।

**दो तमंचों से अंधाधुंध फायरिंग**

आरोपी ने 3 राउंड फायर किए, जिसमें एक गोली पुलिसकर्मी के हाथ में लग गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में (10 राउंड फायरिंग) आरोपी के पैर में गोली लगी और वह बाइक समेत नीचे गिर पड़ा, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। आरोपी के कब्जे से दो अवैध तमंचे और बाइक बरामद की गई है।

**50 हजार का इनामी आरोपी**

पकड़ा गया आरोपी जितेंद्र उर्फ भोला शिवरामपुर के कल्ला गांव का निवासी है। उस पर चित्रकूट धाम मंडल के डीआईजी राजेश कुमार एस. द्वारा 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एनकाउंटर की इस कार्रवाई का नेतृत्व एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी ने किया।

**क्या था पूरा मामला?**

घटना 22 जुलाई (बुधवार) की है। सतना की रहने वाली 20 वर्षीय छात्रा अपने 17 वर्षीय दोस्त के साथ देवांगना घाटी की पहाड़ी पर बैठी थी। वनकर्मी बनकर आए आरोपी एक बाइक पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और खुद को वनकर्मी बताकर दोनों को धमकाने लगे। आरोपियों ने छात्रा के दोस्त को बेल्ट से पीटा और गमछे से हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद तीनों आरोपी छात्रा को घसीटते हुए झाड़ियों में ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया। वारदात के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। दोस्त ने किसी तरह अपने बंधन खोले और पुलिस को सूचना दी।पुलिस अधीक्षक ने जांच के बाद स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि पीड़िता नीट की छात्रा नहीं है, बल्कि वह इंटरमीडिएट (12वीं) की छात्रा है और दो बार परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो चुकी है।छात्रा के पिता राजस्थान में रहते हैं और वह भी अक्सर वहीं रहती थी।

**अन्य दो की तलाश जारी**

मुठभेड़ में मुख्य आरोपी के पकड़े जाने के बाद भी उसके 2 अन्य साथी अभी फरार हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों आरोपियों की तस्वीरें जारी की थीं, जिसमें वे बाइक से भागते दिखे थे। बाकी बचे दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

## दिशा बैठकः पेयजल,सिंचाई और विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश




सतना।

सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ('दिशा') की संयुक्त बैठक में सतना और मैहर जिले की विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने बाणसागर,बरगी नहर और माइक्रो सिंचाई जैसी महत्वपूर्ण पेयजल व सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बरगी नहर से अक्टूबर तक पानी छोड़ने का लक्ष्य रखा गया है,जिससे 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई लाभ मिलेगा।

**मुख्य बिंदुः**

स्वामित्व योजनाः सतना में 77,989 (3,486 महिला भू-स्वामी) और मैहर में 15,337 भू-अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं।जल जीवन मिशनः सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना (फेज-1) से 980 गांवों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। फेज-2 का 83.74% कार्य पूर्ण हो चुका है।विद्युत व्यवस्थाः ग्रामीण इलाकों में खराब ट्रांसफार्मर जल्द बदलने और चोरी रोकने हेतु पुलिस से समन्वय के निर्देश दिए गए।वन भूमि मुक्तिः सतना में 892 अतिक्रमण हटाकर 1604 हेक्टेयर वन भूमि को मुक्त कराया गया है।

बैठक में दोनों जिलों के कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक एवं जनप्रनिधि उपस्थित रहे।

### युवा कार्यक्रमों हेतु जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 जुलाई को

**सतना।** मेरा युवा भारत सतना की युवा कार्यक्रमों हेतु जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे टीएल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### अब तक 344.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 25 जुलाई तक 344.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 432 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 302.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 398.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 466.4 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 388.2 मि.मी., नागौद में 358.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 136.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 273 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 572.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सतना की 40 सदस्यीय जंबो कार्यकारिणी घोषित

**सतना।** भाजपा जिला अध्यक्ष पं.भगवती प्रसाद पाण्डेय की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र दाहिया ने मोर्चा की 40 सदस्यीय जंबो कार्यकारिणी की घोषणा की है कार्यकारिणी में अनिल कुमार साकेत,पंकज बागरी,राकेश पराग,अजय जाटव व धनिलाल प्रजापति जिला उपाध्यक्ष, बृजेश चौधरी महामंत्री,संतोष चौधरी,रेनू वर्मा कोरी,अरविन्द वर्मा,सफल अहिरवार,काशी चौधरी व डॉ. के.डी.बागरी जिला मंत्री बनाए गए हैं। राकेश दामन कोषाध्यक्ष तथा अजय दाहिया व छोटेलाल साकेत सह कोषाध्यक्ष होंगे। अरविन्द दहायत नीति एवं शोध प्रभारी,डॉ.विद्याशागर चौधरी व ज्ञानम चौधरी सह प्रभारी,प्रेमलाल बुनकर कार्यालय मंत्री एवं पप्पू प्रजापति सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किए गए हैं। छोटू मीडिया प्रभारी,भारती साकेत व जयकिशन चौधरी सह मीडिया प्रभारी,नीरज साकेत आईटी प्रभारी तथा संजय डोहर व राकेश खटिक सह आईटी प्रभारी बनाए गए हैं। विशाल कुमार वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी, संतोष बुनकर व सुरेश साकेत सह सोमी.प्रभारी,धर्मराज प्रजापति 'मन की बात' प्रभारी तथा राकेश डोहर व रियासखी वर्मा साकेत सह प्रभारी होंगे। इसी तरह सियादुलारी साकेत मातृशक्ति नेतृत्व प्रभारी,रश्मि दाहिया सह प्रभारी,गजेन्द्र बहादुर प्रजापति नमो ऐप प्रभारी एवं तीतूर वंशकार सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र दाहिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूत बनाने के साथ पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी। 40 सदस्यीय बड़ी संख्या में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दिए जाने से इसे मोर्चा की जंबो कार्यकारिणी के रूप में देखा जा रहा है।

# जिले की आत्म निर्भर दिशा की ओर बढ़ने वाली पंचायतों को प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने सम्मान से नवाजा

## मध्यप्रदेष में प्रथम नम्बर पर जिले की शाहनगर पंचायत ने अपना मुकाम किया तय, आत्मनिर्भरता को लेकर की मिशाल कायम





पन्ना।

पन्ना में विगत दिवस मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने पंच से जिले की आत्म निर्भरता की ओर बढ़ने वाली पंचायतों को जहां सम्मान से नवाजा है वहीं पन्ना जिला की शाहनगर पंचायत जो प्रदेष में नम्बर एक का गौरव आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में हांसिल करने को लेकर प्रदेष में प्रथम जानी गई है। निष्चितौर पर जिले की अन्य पंचायतों की दिषा भी आत्मनिर्भरता की ओर कहीं न कहीं जिनका स्थान तय हुआ है ऐसी पंचायतों को भी विगत दिवस मंच से ही मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने सम्मान के साथ नवाजा। गौरतलब बात यह है कि जिनका स्वयं कहीं न कहीं अपनी कार्यप्रणाली को लेकर आज जिले से लेकर प्रदेष तक कहीं न कहीं अपना कार्य आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती हुई दिषा को लेकर जानी गई है। इससे प्रदेष में जिले का नाम कहीं न कहीं गौरवांवित हुआ। अन्य पंचायतों को भी इन पंचायतों का अनुकरण करना लाजमी माना जा रहा है। ताकि पंचायतें स्वयं अपने कार्यों से अलग ही जानी जाये। जिससे समूचे जिले का गौरव जिस तरह से शाहनगर पंचायत में प्रदेष में साबित किया है इसी तरह अन्य पंचायतों के भी प्रयास तय होगें। जिससे पंचायतों का नाम जाना जायेगा। उदाहरण को लेकर विगत दिवस शाहनगर के अलावा सलेहा पंचायत को भी सम्मान से नवाजा गया है। इसके अलावा अन्य कुछ पंचायते भी इसी कड़ी में जानी गई है। जिनको सम्मान मिला है।

## पूर्व मंत्री विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह की ओर इंगित करते हुए प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नेता हो तो ऐसा

पन्ना।

जब प्रदेष की महत्वपूर्ण विकास के कार्यों को लेकर सौगात दी जा रही थी तभी कुछ कार्य जरूरी थे तत्काल ही पन्ना विधायक ने पहुंचकर अपनी जरूरी मांगों को याद दिलाया जिससे सीएम ने मंच से ही पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह को कहा कि नेता हो तो ऐसा विकास के लिए तो सतत अपनी भूमिका को लेकर दायित्व निर्वाहन के लिए जाने जाते है जो विगत दिवस भी हुआ साबित।

विगत दिवस का दिन पन्ना के लिए जिस तरह से धर्म के क्षेत्र में जहां इन दिनों श्रृद्धालुओं के लिए श्रृद्धा भक्ति को लेकर परम श्रृद्धेय संतों की वाणी जहां किषोर जी मंदिर प्रांगण में विगत एक सप्ताह से धर्म की गंगा तो बह ही रही थी वहीं विगत दिवस मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव का आगमन भी इसी दौरान पन्ना में निर्धारित समय के साथ हुआ जहां विकास कार्यों को लेकर भी विकास की





गंगा भी बही धर्म की दिषा जिस तरह से पन्ना के भविष्य को लेकर संवारने के लिए मानी जा रही है उसी तरह विगत दिवस मंच में मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया का भाव भी नजर आया। जो भी विकास के कार्य पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मांग में रखे वहां खुले दिल से सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं जो मांगोगे सब दिया जायेगा। इस तरह से विकास के महत्वपूर्ण कार्यों को विगत दिवस मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया ने कई घोषणायें की जिसमें मेडिकल कॉलेज को लेकर आने वाले वर्ष में स्वयं लोकार्पण को लेकर जब समय होगा स्वयं आने की बात कही। इससे साफ साबित होता है कि अतिषीघ्र ही आने वाले वर्ष में पन्ना को मेडिकल कॉलेज के पूर्ण होने की उम्मीद मानी जा रही है। वहीं बृजपुर में महाविद्यालय की सौगात साथ ही कुछ हायर सेकेण्डरी के रूप में विद्यालयों का उन्नयन भी विगत दिवस किया गया है। जिस तरह से अजयगढ़ क्षेत्र के भापतपुर कुर्मियान को हायर सेकेण्डरी की घोषणा की गई है। वहीं केन नदी में बनने वाले बिल्हरी घाट पुल तथा नहरी के पास से नेहरा को जोड़ने वाला पुल तथा भदैया का पुल भी जो निर्माणाधीन है जिनको लेकर राषि की जरूरी जो भी आगे निर्माण को लेकर और भी चाही गई थी उसकी स्वीकृति को लेकर भी आपके द्वारा कहा गया है। इतना ही नहीं कुछ महत्वपूर्ण सड़को को पूर्ण कराने के लिए भी सीएम के द्वारा मंच से विधायक की मांग को लेकर स्वीकृति जताई गई। वहीं मंच से यह कहने में भी सीएम नहीं चूके नेता हो तो ऐसा जो विकास को लेकर सतत अपनी मांग समय पर पूरा करने के लिए जाने जाते है बृजेन्द्र प्रताप सिंह को तभी तो विकास पुरूष के नाम से उपाधी जो चर्चित है वह विगत दिवस भी साबित हुई। इस तरह से पन्ना में जहां एक तरफ धर्म की गंगा भागवत पुराण व भक्तमाल के तहत बह रही है वहीं विगत दिवस मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया विकास के गंगा को भी प्रवाहित किया।

## तारा पंचायत में कागज़ों की सफाई, ज़मीन पर गंदगी! सफाई के नाम पर हजारों की निकासी, ग्रामीणों ने उठाए भ्रष्टाचार के सवाल

**अमानगंज।** जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत तारा में स्वच्छता अभियान की हकीकत ग्रामीणों के आरोपों के बाद सवालों के घेरे में आ गई है। सरकार गांवों को स्वच्छ बनाने के दावे कर रही है, लेकिन तारा पंचायत में गलियों में फैली गंदगी, जाम नालियां और सड़कों पर बहता गंदा पानी इन दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा सफाई कार्य के नाम पर 17 हजार से लेकर 40 हजार रुपये तक की राशि निकाली गई, लेकिन धरातल पर सफाई का कोई काम दिखाई नहीं देता। नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं, बरसात में गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और गांव के लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। बदबू और जलभराव से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच बैजनाथ कुशवाहा पर पहले भी अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने न तो जांच की और न ही मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति देखी। इससे पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सफाई पर हजारों रुपये खर्च किए गए हैं, तो गांव आज भी गंदगी से क्यों जूझ रहा है? आखिर सरकारी राशि खर्च कहां हुई? क्या केवल कागज़ों में सफाई दिखाकर भुगतान कर दिया गया? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत पन्ना से मांग की है कि स्वच्छता मद से निकाली गई राशि की निष्पक्ष जांच, भौतिक सत्यापन और वित्तीय ऑडिट कराया जाए। यदि अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी धन के दुरुपयोग पर रोक लग सके। सवाल यह है कि जब कागज़ों में सफाई हो चुकी है, तो तारा ग्राम पंचायत आज भी गंदगी में क्यों डूबी हुई है?

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत सर्रा-शाहनगर रोड पर भीषण सड़क हादसा, कई लोग घायल



**पन्ना।** ग्राम पंचायत सर्रा-शाहनगर मार्ग पर आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा उस समय हुआ जब ग्राम सुरु निवासी देवेंद्र कुमार आदिवासी ऑटो में गमी (मृत्यु संस्कार) के लिए छुलाई सवारी लेकर जा रहे थे। उसी दौरान महुआडोल से सारंगपुर जा रहे बाइक सवार लवकेश सिंह और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार लवकेश गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका पैर टूट गया। उनके साथ मौजूद रिश्तेदार के पैर और सीने में भी गंभीर चोटें आई हैं। बाइक पर एक गर्भवती महिला भी सवार थी, जिसे भी गंभीर चोटें लगी हैं। ऑटो में कई महिलाएं सवार थीं। हादसे में कंधी को गंभीर चोटें आईं, जबकि आमसिया आदिवासी सहित अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घटना के समय जयस संगठन के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल सिंह गोंडेला सारंगपुर जा रहे थे। उन्होंने दुर्घटना देखकर तत्काल वाहन रोककर ग्राम सर्रा के लोगों को मौके पर बुलाया तथा महुआडोल के ग्रामीणों को भी सूचना दी। इसके साथ ही डायल 112 और 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई।

### सडक के गड्ढों ने ली एक व्यक्ति की जान



**पन्ना।** बमीठा से पन्ना तक रोड की हालत प्रशासन की मिलीभगत का प्रमाण दे रही है पिछले 2 साल से हाइवे की मरम्मत न होने से सडक पर गए गड्डे हो गए है कई बार लोगो द्वारा शिकायत करने बाद पीछे 8 दिन पहले रोड की मरम्मत हुई ही थी की एक बारिश मे ही रोड पर फिर से गड्डे हो गए जो की छभ्।ए की घोर लापरवाही दर्शाती है क्योंकि न ही गड्ढों को भरा जाता है न ही चिन्हित किया जाता है जिससे आये दिन हादसे हो रहे है और कोई न कोई परिवार उन गड्ढों का शिकार हो रहे कल रात बमीठा निवासी उन गड्ढों का शिकार हो गए और अपनी जान गवा दी बमीठा निवासी हुसैन मुहम्मद उम्र 50 वर्ष रोज की तरह बंजी करने देहात गए हुए थे रात करीब 07 बजे जब वो घर नहीं आये तो घर के परिजनों ने उनकी तलाश सुरु कर दी थाना गए पर उनको सुबह तक इंतजार करने को बोला गया जब रात मे उनका कोई पता नहीं लगा तो सुबह फिर से तलाश सुरु कर दी तलाश करते करते परिजनों को उनकी चप्पल बमीठा अस्पताल के आगे रोड किनारे मिली।

### 5 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत सुनेही बीट में वन विभाग द्वारा लगभग 5 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह अभियान वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री पंकज दुबे के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्रवाई के दौरान वन विभाग के अमले ने नियमानुसार अतिक्रमण हटाकर वन भूमि को विभाग के नियंत्रण में लिया। भविष्य में पुनः अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से स्थल पर अतिक्रमणरोधी खंती का निर्माण कराया गया तथा भूमि के पुनर्वनीकरण हेतु बीज बुवाई का कार्य भी कराया गया।

## नशा नहीं, निश्चय चुनो, ब्रह्माकुमारी बहन, क्षणिक सुख नहीं, उज्जवल भविष्य चुनो, आदर्श विद्यार्थी बनो- ब्रह्माकुमारी बहन



**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी विद्यालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान 6 अगस्त से 20 अगस्त तक देशव्यापी पखवाड़ा चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में स्वास्थ्य, मूल्य निष्ट, नशा मुक्त जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना इस अभियान को सफल बनाने के लिए पन्ना जिले के सभी स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, एवं साथ में विद्यार्थियों को जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना कैसे करें विद्यार्थी जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान एवं नैतिक मूल्यो को जीवन में धारण करने से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। बहन जी ने सभी बच्चों को समझाते हुए कहा यदि हम अपने जीवन में मूल्यों को महत्व देंगे जैसे इमानदारी, सत्यता, अनुशासन, आज्ञाकारी, समय का सदुपयोग आदि इन मूल्यों से जीवन को सजाएंगे तो हमारे जीवन का मूल्य बढ़ेगा सभी विद्यार्थियों को मेडिटेशन एवं अनेक प्रेरणादायक कहानियो के द्वारा विद्यार्थी जीवन का महत्व बताया, सच्ची पहचान उस युवा की है जो अपने लक्ष्य पर अडिग रहे, अपने जीवन को अनुशासन शिक्षा, श्रेष्ठ संस्कारों से ऊंचाइयों तक पहुंचाएं, नेशनल पब्लिक हाई सेकेंडरी पन्ना, डीएवी मझगवां, हाई स्कूल हिनौता, छत्रसाल कॉलेज, आरपी स्कूल,चिल्ड्रन पब्लिक, उत्कृष्ट पन्ना, मनहर, पॉलिटेक्निक कॉलेज पन्ना,हाई स्कूल बड़ागांव,रेनबो स्कूल देवेंद्र नगर, श. उ. मा. वि देवेंद्र नगर, श. उ. मा. वि, विरबाही, बालक शाला देवेंद्र नगर, पवई अमानगंज, गुनौर एवं अन्य स्थानों पर अभियान का संदेश दिया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी बहन ने अंतिम में सभी को नशा मुक्त जीवन अपनाने की प्रतिज्ञा दिलाई, सभी स्कूलों में प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित रहा सभी बच्चों ने सहज भाव से सुनकर जीवन को परिवर्तन करने का संकल्प लिया एवं कार्यक्रम की सराहना की अपने अनुभव साझा किये।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले का किया सफल खुलासा

### पति की प्रताड़ना से परेशान पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची पति की हत्या की साजिश, सोते समय गैंती से कराया जानलेवा हमला आरोपी महिला गिरफ्तार



**पवई।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान तथा एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना पवई पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। दिनांक 14 जुलाई 2026 को फरियादी चंद्रभान लोधी, निवासी कृष्णगढ़, थाना पवई, द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि के समय उसका छोटा भाई कृष्ण कुमार लोधी अपने कमरे में पत्नी के साथ सो रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में प्रवेश कर कृष्ण कुमार पर गैंती से शरीर के विभिन्न हिस्सों में कई जानलेवा वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वर्तमान में उसका उपचार जारी है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पवई में अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 118(1), 331(6) एवं 109 भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को घटना के प्रत्येक पहलू की गहन जांच, तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के संकलन तथा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए, आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू का बारीकी से परीक्षण किया। विवेचना के दौरान परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं पूछताछ के आधार पर घायल की पत्नी पर संदेह गहराया। पुलिस द्वारा गहन एवं लगातार पूछताछ किए जाने पर आरोपी महिला ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता था तथा उसका अपमान करता था, जिससे वह मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान थी। इसी दौरान उसका एक अन्य व्यक्ति से प्रेम संबंध स्थापित हो गया। दोनों ने मिलकर कृष्ण कुमार को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और योजना के अनुसार रात्रि में जब कृष्ण कुमार सो रहा था, तब उसके प्रेमी को बुलाकर गैंती से उस पर कई जानलेवा वार कराए, जिससे उसकी मृत्यु हो जाए। हालांकि समय पर उपचार मिलने से घायल की जान बच गई और उसका उपचार अभी भी जबलपुर मेडिकल कॉलेज में जारी है। आरोपी महिला को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। मामले में अन्य आरोपी की तलाश एवं विवेचना जारी है।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त कार्यवाहीमे थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उप निरीक्षक एम.एल. कोल, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र प्रजापति, कमलेश शर्मा एवं महिला आरक्षक खुशबू सिंह बघेल की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## श्री भक्तमाल कथा के तीसरे दिन हरिराम व्यास जी के दिव्य चरित्र एवं ठाकुर श्री जुगल किशोर सरकार की अलौकिक लीलाओं का वर्णन



**पन्ना।** श्री जुगल किशोर सरकार सप्तनिधि धाम, पन्ना में चल रहे दिव्य श्री भक्तमाल कथा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने भगवान श्री जुगल किशोर सरकार की विधिवत आरती एवं पूजन-अर्चन कर किया। आरती के उपरांत परमपूज्य रसिकाचार्य महंत श्री श्री 108 श्री स्वामी किशोर दास जी महाराज ने अपने श्रीमुख से श्री भक्तमाल कथा का अमृतमय प्रवचन प्रारंभ किया। अपने प्रवचन में पूज्य गुरुदेव ने भगवान श्री जुगल किशोर सरकार को प्रकट करने वाले महान संत, भक्त शिरोमणि एवं रसिकाचार्य पंडित हरिराम व्यास जी महाराज के दिव्य और अलौकिक जीवन चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हरिराम व्यास जी का जन्म बुंदेलखंड के ओरछा राज्य में राजपुरोहित समोखन शुक्ल के पुत्र के रूप में हुआ था। वे बाल्यकाल से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनकी विद्वता इतनी अद्वितीय थी कि वे 52 राज्य के राजपुरोहित बने तथा अपने समय के सबसे महान विद्वान व्यक्ति थे । उन्होंने काशी के विद्वानों के साथ शास्त्रार्थ कर अपनी विद्वता से सभी को परास्त किया । तत्पश्चात भगवान शिव ने प्रकट होकर उन्हें बताया कि वे श्रीराधा रानी की परम सखी विशाखा जी के अवतार हैं और उनका अवतरण भगवान श्री श्याम जुगल किशोर सरकार को प्रकट करने के लिए हुआ है। पूज्य महाराज ने कहा कि इसके बाद हरिराम व्यास जी वृंदावन पहुंचे, जहां उन्होंने कठोर तपस्या, अनन्य भक्ति और प्रेममयी साधना से भगवान श्री श्याम जुगल किशोर सरकार को प्रकट किया। कालांतर में वही श्री जुगल किशोर सरकार सप्तनिधि धाम पन्ना पधारे और आज भी अपने भक्तों पर कृपा बरसाकर पन्ना की इस पावन भूमि को धन्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पन्ना को वृंदावन बनाने का श्रेय हरिराम व्यास जी की निष्काम भक्ति और तपस्या को जाता है। प्रवचन के दौरान पूज्य किशोर दास जी महाराज ने हरिराम व्यास जी और ठाकुर श्री जुगल किशोर सरकार की एक अत्यंत मार्मिक एवं अलौकिक लीला का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि एक बार हरिराम व्यास जी अपने आराध्य ठाकुर श्री जुगल किशोर सरकार का दिव्य श्रृंगार कर रहे थे। वे प्रेमपूर्वक उन्हें एक सुंदर जरकसी पगड़ी पहनाने का प्रयास कर रहे थे, किंतु जैसे ही पगड़ी बांधते, वह बार-बार ठाकुर जी के मस्तक से फिसलकर खुल जाती। कई बार प्रयास करने पर भी जब पगड़ी नहीं बंधी तो व्यास जी प्रेमवश कुछ झुंझला गए। उन्होंने ठाकुर जी से कहा, ष्यदि तुम्हें मेरी बांधी हुई पगड़ी पसंद नहीं आती, तो तुम स्वयं ही इसे बांध लो।ष्इतना कहकर वे मंदिर से बाहर चले गए। कुछ समय पश्चात जब हरिराम व्यास जी पुनः मंदिर में लौटे तो उन्होंने जो दृश्य देखा, उसे देखकर वे भाव-विभोर हो उठे। ठाकुर श्री जुगल किशोर सरकार ने स्वयं अपने कर-कमलों से अत्यंत सुंदर ढंग से पगड़ी धारण कर रखी थी और उनके श्रीमुख पर मनमोहक मुस्कान विराजमान थी। यह अद्भुत लीला देखकर हरिराम व्यास जी की आंखों से प्रेमाश्रु बहने लगे। वे प्रभु के चरणों में गिर पड़े और समझ गए कि भगवान अपने निष्कपट प्रेमी भक्त के प्रेम के वश में होकर स्वयं भी लीला करते हैं। पूज्य गुरुदेव ने कहा कि भगवान को केवल बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भक्त का निष्कलुष प्रेम और पूर्ण समर्पण प्रिय है। जहां सच्चा प्रेम, सेवा और श्रद्धा होती है, वहां भगवान स्वयं अपने भक्त के लिए प्रकट होकर उसकी लाज रखते हैं। हरिराम व्यास जी का जीवन हमें सिखाता है कि निष्काम भक्ति, विनम्रता और प्रभु के प्रति अटूट विश्वास से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है। पूरे कथा पंडाल में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक आनंद का अनुपम वातावरण बना रहा। हरिराम व्यास जी के दिव्य चरित्र एवं ठाकुर श्री जुगल किशोर सरकार की इस अलौकिक लीला का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के समापन पर भगवान श्री जुगल किशोर सरकार की आरती हुई तथा श्रद्धालुओं ने धर्म, राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की मंगलकामना करते हुए जयघोषों से संपूर्ण परिसर को भक्तिमय बना दिया।

## ब्लॉक कांग्रेस अमानगंज ने छात्रों के समर्थन में निकाली पदयात्रा, सौंपा ज्ञापन



**अमानगंज।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी व जिला अध्यक्ष अनीश खान जी के निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के अध्यक्ष सौरभ दुबे के नेतृत्व में दिल्ली में जंतर मंतर में हुए छात्र आंदोलन के दौरान सरकार ने छात्रों व युवाओं सहित कांग्रेस नेता व देश के नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी व प्रियंका गांधी जी सहित विपक्ष के सांसदों पर जो बर्बरता पूर्वक कार्यवाही की उसके विरोध में व छात्रों के समर्थन में पदयात्रा कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौपा गया।कार्यक्रम की शुरुआत गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई व कार्यक्रम का समापन सरदार भगत सिंह तिराहा पर उनको श्रद्धांसुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में 21 छात्रों की मृत्यु पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व ज्ञापन के माध्यम से मृत परिवार जनों को 1-1 करोड़ रूपये की मांग की गई। दोषियों पर सख्त कार्यवाही हों साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी का आभार भी किया गया की जिस प्रकार छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर उनकी लड़ाई लड़ी जिससे सरकार को झुकना पड़ा व शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हुआ देश में जो 152 पेपर लीक हुए उनको लेकर भी कांग्रेस मुखर रही की अगर सरकार ने व्यवस्थाओं को नहीं सुधारा तो आगे भी ऐसे प्रदर्शन सरकार को झेलना पड़ सकता हैं। कार्यक्रम में मुख्यरूप से :-प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन लाल सिद्धांर्थ,जिला उपाध्यक्ष आनंद शुक्ला,भभूत सिंह राजपूत,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज सौरभ दुबे, मिलन कुशवाहा देवेंदनगर,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हक्कुंन दहायत,जिला महामंत्री भूपेंद्र बुंदेला, दिनेश पांडेय,रामभगत सोनी,कमल सिंह राजपूत,संजय रेजा,जिला सचिव ओमप्रकाश अहिरवार, धूराम चौधरी,सेवादल के जिला अध्यक्ष रामबहादुर द्विवेदी,केशरी अहिरवार युवक कांग्रेस अध्यक्ष शनिराजा बुंदेला,हिम्मत बागरी,स्वर्णकला प्रॉकोष्ठ के प्रदेश सचिव पुष्पेंद्र सोनी,पूर्व पार्षद अश्वनी भटनागर, प्रवीण भटनागर पप्पू,पीयूष राजा,मानिकलाल पटेल,महेंद्र तिवारी रम्मू,सोनू खान,पार्षद जेबुननिशा खान, इक़बाल खान बल्लू,प्रवीण कुशवाहा देवेंद्र नगर,प्रदीप तिवारी देवेंदनगर,**NSUI** ब्लॉक अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा,बलवान सिंह राजपूत,जवाहर पटेल,अरुण भट्ट,ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल कन्हैया लाल ताम्रकार,वीरेंद्र खटीक,रोहित दुबे,प्रहलाद तिवारी,सत्यम राजा, हर्ष द्विवेदी,नीलेश ताम्रकार, सजल ताम्रकार,मुन्ना मिश्रा घटारी,रामसुजान पाठक,मंडल अध्यक्ष मुकेश द्विवेदी द्वारी, रजऊ राजा परमार डहरॉ,मंगल राजा,राहुल तिवारी द्वारी,सत्यम सोनी,धीरेन्द्र गर्ग,धनीराम राजपूत महाकौशल चौधरी,इमरत कोरी,संतोष साहू,रतिराम विश्वकर्मा, हीरू दहायत,रामपाल राजपूत,ब्रजेश कुशवाहा,अंकुश दहायत,नोनेलाल चौधरी,आकाश कोरी,मौसम दहायत शैलेन्द्र सेन,सिब्बू चौधरी,जवाहर चौधरी,रामजानकी चौधरी,विनोद चौधरी,रघुनन्दन दास चौधरी,राजेश वर्मा,दयाराम चौधरी सहित छात्राओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

खबर संक्षेप

## 7वीं की छात्रा की डंडे से पिटाई का आरोप, स्कूल हेडमास्टर पर एफआईआर दर्ज

**छतरपुर**। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढढ़ारी स्थित डीआरपी पब्लिक स्कूल में कक्षा 7वीं की एक छात्रा के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। छात्रा के परिजनों ने स्कूल के हेडमास्टर लखन प्रजापति पर डंडे से पिटाई करने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार स्कूल वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा था। आरोप है कि बच्चों पर सीट खाली करने का दबाव बनाया गया और जब छात्रा सहित कुछ बच्चों ने अपनी सीट छोडऩे से इनकार किया, तो कथित रूप से दो दिनों तक उनके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद छात्रा ने अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद वे थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सभी पक्षों के बयान दर्ज कर रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं, इस मामले में स्कूल प्रबंधन का पक्ष अभी सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## असाढ़ मेले में भक्ति, सेवा और संस्कार का संगम



### 4 हज़ार से अधिक कन्याओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**महाराजपुर**। असाढ़ माह के पावन अवसर पर महाराजपुर स्थित श्री श्री 1008 हटीला सरकार हनुमान मंदिर में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में सुंदरकांड पाठ से हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी का गुणगान करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद विशाल कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें महाराजपुर नगर सहित विभिन्न विद्यालयों की करीब 4 हजार से अधिक छात्राओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान चौरसिया समाज महिला समिति ने छात्राओं को पेन एवं कॉपी वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं नगर की महिलाओं ने भारतीय संस्कृति और परंपरा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कन्याओं के चरण धोए, माहुर लगाकर उनका श्रृंगार किया और सम्मानपूर्वक भोजन कराया। इस भावपूर्ण आयोजन ने नारी सम्मान, सेवा और संस्कार की अनूठी मिसाल पेश की। मंदिर परिसर में स्थापित बाहुबली हनुमान जी, मां संकटा माता, भगवान विष्णु, राधा-कृष्ण तथा माता सीता-रामलला के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि महाबली हनुमान के दरबार में सच्ची श्रद्धा से आने वाले प्रत्येक भक्त की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। मंदिर समिति ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रत्येक सप्ताह धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहता है और लोगों की आस्था लगातार मजबूत हो रही है।

### विरोध के चलते रीता सिंह को उपकृत करके बड़ामलहरा थाना तो सुनीता बिंदुआ को महिला थाना प्रभारी बनाया

# पुलिस अधीक्षक ने किया फेरबदल, कई थाना-चौकी प्रभारियों के तबादले बने शहर में चर्चा का विषय

### एसपी ने बम्होरी-गोयरा के थाना प्रभारी को रखा यथावत, ईशानगर टीआई को लाइन भेजा गया

**छतरपुर**। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पुलिस विभाग में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी स्थानांतरण आदेश के तहत कई थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई पदस्थापना दी गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग का मानना है कि इस फेरबदल से कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराध नियंत्रण में तेजी लाने तथा पुलिस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। स्थानांतरण सूची में कई महत्वपूर्ण थाना, चौकी प्रभारियों के नाम शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा किए गए पुलिस विभाग के तबादलों को लेकर जिले में कई तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। लुगासी चौकी प्रभारी रहे ओशो गुप्ता को गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी बनाया गया है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि जब वे लुगासी चौकी का संचालन प्रभावी ढंग से नहीं कर पाए, तो गढ़ीमलहरा जैसे महत्वपूर्ण थाने की जिम्मेदारी किस तरह निभाएंगे, यह देखने वाली बात होगी। वहीं गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रहीं रीता सिंह का कार्यकाल लगातार विवादों में रहा। उनके खिलाफ विभिन्न मुद्दों को लेकर कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए। इसके बावजूद पुलिस अधीक्षक ने उन्हें बड़ामलहरा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप दी, जिसे लेकर भी चर्चाओं का दौर जारी है।



प्रकाश बम्हौरी, गोयरा और ईशानगर तीनों थाने सब-इंस्पेक्टर स्तर के थाने हैं। इन तीनों थानों के प्रभारियों को हाल ही में पदोन्नति देकर निरीक्षक बनाया गया। लेकिन जहां ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल को पुलिस लाइन भेज दिया गया, वहीं प्रकाश बम्हौरी और गोयरा थाना प्रभारियों को उनके पद पर ही बनाए रखा गया। इसे लेकर पुलिस महकमे और आम लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस मुख्यालय से जल्द ही नई पदस्थापनाओं की एक और सूची जारी होने की संभावना है, जिसके बाद कई और अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। वहीं कुछ समय पहले विवादों के चलते एसआई मोहर सिंह को घुवारा चौकी से हटाकर चंद्रनगर भेजा गया था, लेकिन मौजूदा फेरबदल में उन्हें फिर से घुवारा चौकी की कमान सौंपे जाने को भी चर्चा का विषय माना जा रहा है।

जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक दिलीप करण नायक को सटई थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि सटई थाना प्रभारी रहीं सुनीता बिदुआ को महिला थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सटई क्षेत्र में पिछले कुछ समय के दौरान दो-तीन बार चक्काजाम जैसी स्थितियां बनने के बाद यह बदलाव किया गया है। गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह को हटाकर बड़ामलहरा थाना प्रभारी बनाया गया है। बड़ामलहरा में टीआई का पद अरविंद सिंह दांगी के डीएसपी पद पर पदोन्नत होने के बाद रिक्त था। पदोन्नति के बाद निरीक्षक बने मनोज गोयल को ईशानगर थाना प्रभारी पद से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनकी जगह रिपुदमन सिंह को ईशानगर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओशो गुप्ता को गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी तथा त्रिवेंद्र त्रिवेदी को जिला विशेष शाखा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं निरीक्षक सुरभि शर्मा और प्रतिभा श्रीवास्तव को पुलिस लाइन भेजा गया है। चौकी प्रभारियों में आकांक्षा शर्मा को पड़रिया चौकी, सुमित सुमन को चंद्रनगर, मोहर सिंह को घुवारा, हाल ही में उपनिरीक्षक बनीं गिरजेश राजा को काकुनपुरा चौकी, धर्मेंद्र त्रिपाठी को अटकोहां चौकी तथा प्रमोद रोहित को लुगासी चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

इसके अलावा उपनिरीक्षक किशोर पटेल और राजेंद्र बागरी को थाना सिविल लाइन में पदस्थ किया गया है। सत्येंद्र यादव को पुलिस लाइन से थाना नौगांव भेजा गया है, जबकि मीना खरे को लवकुशनगर थाने से सिटी कोतवाली स्थानांतरित किया गया है। एएसआई स्तर पर कमला सिंह को थाना लवकुशनगर, रामबहादुर प्रजापति को ईशानगर तथा सोहन सैयाम को सिटी कोतवाली में पदस्थ किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा से उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल नंबर बंद एवं नॉट रीचेबल होने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## नींद की झपकी बनी जानलेवा: पुल से टकराया सीमेंट से भरा हाइवा, हेल्पर की मौत, चालक गंभीर घायल

**बमीठा**। नेशनल हाईवे-39 पर बमीठा थाना क्षेत्र के पहाड़ी हीराजू के पास शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सतना से सीमेंट लेकर टीकमगढ़ जा रहा तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक आनंद यादव को वाहन चलाते समय नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ।



हादसे में हाइवा का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में चालक आनंद यादव और हेल्पर प्रकाश पाल निवासी हंसोरा, जिला टीकमगढ़ सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि हेल्पर प्रकाश पाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और वाहन में फंस गया।

घटना की सूचना मिलते ही एनएचएआई के भूपेंद्र दुबे के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि यह हादसा रात करीब 2 बजे हुआ।

सूचना मिलने पर बमीठा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृतक हेल्पर के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर 'एक गुरु—एक वृक्ष' अभियान से हरियाली का संदेश, विधिक जागरूकता से समाज को मिली नई दिशा

**नौगांव**। गुरु पूर्णिमा महोत्सव पखवाड़ा के अवसर पर सान्दीपनि विद्यालय, नौगांव में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को समर्पित "एक गुरु–एक वृक्ष" अभियान एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने मिलकर वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया तथा कानून के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश पंकज कुमार जैन ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में एक वृक्ष लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण मिल सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देते हुए नशे के दुष्परिणामों और उससे बढ़ते अपराधों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य आर. के. पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने "एक गुरु–एक वृक्ष" अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अंत में कृष्ण गोपाल शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और विधिक जागरूकता जैसे जनहित के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर एडव्होकेट वंदना सक्सेना सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा



## खेत की रखवाली कर रहे युवक पर दबंगों का हमला, लाठी-डंडों से पीटा; एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर**। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में खेत की रखवाली कर रहे एक युवक के साथ कथित रूप से दबंगों द्वारा लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायती आवेदन के अनुसार ग्राम उदयपुरा निवासी संजू आदिवासी पिता कल्लू आदिवासी ने बताया कि 25 जुलाई 2026 की रात करीब 11:30 बजे वह अपने खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही सुजाल पटेल, सुंदर पटेल, रामप्रसाद पटेल, दीपू पटेल और छोटू पटेल कथित रूप से लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि हमले में उसके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर जब उसकी पत्नी और भाई बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित के गले से सोने की चेन तथा एक गड़ासी लेकर फरार हो गए।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ शीघ्र एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## नौगांव का सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश, मंदिरों के सामने पशु अवशेष फेंकने से आक्रोश, प्रशासन ने संभाली कमान

**नौगांव**। जिला अंतर्गत नौगांव में शनिवार सुबह कुछ अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा मुख्य बाजार स्थित जैन मंदिर एवं साईं मंदिर के सामने मुर्गी के पंख, पंजे, बकरे की खाल सहित अन्य पशु अवशेष फेंक दिए जाने से व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश देखा गया। घटना को नगर के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। नगर में सफाई मित्रों की छह दिन से जारी हड़ताल के बीच शुक्रवार रात सराफा बाजार के व्यापारियों ने स्वयं आगे बढ़कर बाजार की सफाई की थी। लेकिन शनिवार सुबह मंदिरों के सामने पशु अवशेष पड़े मिलने से लोगों में नाराजगी देखी गई। व्यापारियों ने विरोध स्वरूप करीब एक घंटे तक बाजार बंद रखा और प्रशासन के मौके पर पहुंचने की मांग की।



सूचना मिलते ही तहसीलदार विजय चौधरी, नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह लोधी सहित प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी।

इसके बाद एसडीओपी अमित मेश्राम एवं थाना प्रभारी संजय राय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने व्यापारियों एवं नागरिकों से चर्चा कर उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और इस कृत्य में शामिल असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने नागरिकों से शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। वहीं व्यापारियों ने पुलिस को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें कड़ी कार्यवाही की मांग की है वहीं उन्होंने कहा कि नौगांव की गंगा-जमुनी संस्कृति और सामाजिक सद्भाव को किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

## घर के गेट में दौड़ा करंट, 44 वर्षीय रज्जू आदिवासी की दर्दनाक मौत



**छतरपुर। जिले के सटई थाना क्षेत्र के ग्राम बसाटा में शाम एक दर्दनाक हादसे में 44 वर्षीय रज्जू आदिवासी पुत्र बिरजू आदिवासी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह अपने घर का मुख्य गेट बंद कर रहे थे। इसी दौरान गेट में अचानक विद्युत करंट प्रवाहित होने से वह उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।**

हादसे के तुरंत बाद परिजनों ने रज्जू आदिवासी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में घर के लोहे के गेट में करंट आने के कारण हादसा होना सामने आया है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गेट में करंट किस वजह से प्रवाहित हुआ। विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी, लीकेज या अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं प्रशासन ने लोगों से विद्युत उपकरणों और घरों की वायरिंग की नियमित जांच कराने तथा सावधानी बरतने की अपील की है।

## कृष्णा कॉलोनी में 10 चोरों का आतंक, 12 मिनट में 4 बाइक चोरी; सीसीटीवी फुटेज वायरल

**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड स्थित कृष्णा कॉलोनी में बीती रात चोरों ने महज 12 मिनट के अंदर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रात 3:08 बजे से 3:20 बजे के बीच करीब 10 चोरों के गिरोह ने कॉलोनी में आतंक मचाते हुए चार मोटरसाइकिलें चुरा लीं। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



चोरी हुई मोटरसाइकिलों में चंद्रप्रकाश अहिरवार की हीरो एक्सट्रीम, सौरभ रैकवार की होंडा शाइन, गोकुल प्रसाद वर्मा की बजाज डिस्कवर और एक अपाचे बाइक शामिल हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने बृज गोपाल मिश्रा के मकान के बाहर लगी कुंडी को बाहर से बंद कर दिया, ताकि कोई उन्हें रोक न सके।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पूरी कॉलोनी में चोरों का आतंक बना रहा। घटना के समय जब कुछ लोग जागे तो उन्होंने छत से पड़ोसियों को आवाज लगाकर सतर्क किया। लोगों का कहना है कि घटना स्थल से मात्र 200 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी मौजूद है, लेकिन रात के समय वहां कोई पुलिसकर्मी तैनात नहीं था।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हाल ही में सागर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक की बैटरी चोरी हुई थी। इसके अलावा रेलवे स्टेशन के पास खड़े ट्रक की बैटरी भी चोरी हो चुकी है। लगातार हो रही बाइक और ट्रक बैटरी चोरी की घटनाओं से आशंका जताई जा रही है कि क्षेत्र में एक संगठित चोर गिरोह सक्रिय है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## केथोकर में जुआरियों के अड्डे पर पुलिस का छापा, 8 गिरफ्तार; 7 बाइक और 9 मोबाइल जब्त

**छतरपुर**। हरपालपुर थाना पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम केथोकर में संचालित जुआरियों के अड्डे पर दबिश देकर 8 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डियां, नगद राशि, 7 मोटरसाइकिल और 9 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 5 लाख 25 हजार 800 आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 12:30 से 1 बजे के बीच मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम केथोकर स्थित श्मशान घाट के पास लंबे समय से जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी राजेश सिकरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में दिलीप राजपूत निवासी केथोकर, नरेश यादव निवासी चुरवारी, पुष्पेंद्र जोशी एवं अजय चौबे निवासी अरजडिय़ा कॉलोनी हरपालपुर, रघुनंदन राजपूत निवासी केथोकर, राजेंद्र अहिरवार निवासी चुरवारी, जहीर सिंह पटेल निवासी नारायण गंज मोहल्ला हरपालपुर तथा मंगल राजपूत निवासी केथोकर शामिल हैं।




पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त 5 गड्डी ताश, नगद राशि, 7 मोटरसाइकिल और 9 मोबाइल फोन जब्त किए। सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राजेश अहिरवार तथा आरक्षक रामकिशोर यादव, ब्रजभान, कमलेश और मनोज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## कम रेट वाली एजेंसी को दरकिनार कर ब्लैकलिस्ट कंपनी को दे दिया गया ठेका

# जिला अस्पताल के टेंडर पर घोटाले की आंच

**आरोपों के कठघरे में सिविल सर्जन आफिस की निविदा समिति**

### गोपनीय तरीके से कार्यादेश जारी करने का आरोप कलेक्टर से लेकर शासन तक हुई शिकायत

**रीवा।** रीवा के जिला अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारियों और सुरक्षा सेवाओं के लिए हुई करोड़ों रुपये की निविदा प्रक्रिया अब गंभीर विवादों में घिर गई है। टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियमों के पालन को लेकर बड़े सवाल उठाए गए हैं। सबसे कम दर (एल-1) प्रस्तुत करने वाली एजेंसी को दरकिनार कर अधिक दर (एल-3) वाली एजेंसी को कार्य आवंटित किए जाने, ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के बाद ऑफलाइन और गोपनीय तरीके से कार्यादेश जारी करने, पूर्व में विवादों में रही एजेंसियों को दोबारा लाभ पहुंचाने तथा शिकायतों की अनदेखी करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले की शिकायत कलेक्टर, संभागायुक्त, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित राज्य शासन तक पहुंच चुकी है।शिकायतकर्ता एवं प्रवल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड रीवा के संचालक सत्यप्रकाश मिश्रा का आरोप है कि जिला अस्पताल में मैनपावर सेवाओं के लिए 21 जनवरी 2026 तथा सुरक्षा सेवाओं के लिए 31 अक्टूबर 2025 को ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। नियमानुसार तकनीकी परीक्षण, वित्तीय निविदा, आपत्ति-निराकरण और कार्य आवंटन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक होनी चाहिए थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया गोपनीय रखते हुए 10 जुलाई 2026 को ऑफलाइन कार्यादेश जारी कर दिया और 16 जुलाई से संबंधित एजेंसी द्वारा कर्मचारियों की तैनाती भी शुरू करा दी गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस पूरी कार्रवाई की जानकारी अन्य निविदाकारों को नहीं दी गई, जिससे उन्हें आपत्ति दर्ज कराने या नियमानुसार राहत पाने का अवसर ही नहीं मिल सका। बता दे मैनपावर सेवा के लिए सबसे कम दर प्रस्तुत करने वाली पात्र एजेंसी प्रवल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड रीवा को नजरअंदाज कर एल-3 श्रेणी की प्रथम नेशनल सिक्योरिटी इंदौर को कार्य आवंटित कर दिया गया। जबकि शासन के भंडार क्रय नियमों के अनुसार सामान्य परिस्थितियों में सबसे कम दर देने वाली पात्र एजेंसी को ही कार्य दिया जाता है। यदि एल-1 एजेंसी किसी कारणवश अपात्र हो तो एल-2 पर विचार किया जाता है, लेकिन इस मामले में सीधे एल-3 एजेंसी को ठेका दिए जाने पर पूरी निविदा प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि इससे शासन को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति पहुंची है तथा अधिक दर वाली एजेंसी को अनुचित लाभ दिया गयाशिकायतकर्ता ने मांग की है कि सिविल सर्जन कार्यालय एवं निविदा समिति को जांच प्रक्रिया से अलग रखते हुए किसी स्वतंत्र एजेंसी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। वही सभी दस्तावेजों, निविदा प्रक्रिया और भुगतान संबंधी अभिलेखों की गहन जांच की जाए तो लाखों रुपये की कथित वित्तीय अनियमितता उजागर हो सकती है।




### पूर्व में हटाई गई ब्लैकलिस्ट एजेंसी को फिर मिला काम

मामले में यह भी शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया है कि जिस प्रथम नेशनल सिक्योरिटी इंदौर को इस बार मैनपावर का कार्य दिया गया है, उसी एजेंसी को वर्ष 2023 में कथित वित्तीय अनियमितताओं के कारण सीएमएचओ कार्यालय एवं सिविल सर्जन कार्यालय रीवा द्वारा कार्य से पृथक किया गया था। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि उस समय लगभग 20 लाख रुपये के भुगतान पर भी विवाद सामने आया था। वही एजेंसी के विरुद्ध उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 20 जुलाई 2023 को दंडात्मक कार्रवाई संबंधी आदेश पारित किया जा चुका है। इसके अलावा भोपाल, सीधी, अमरकंटक, राजगढ़ सहित कई स्थानों पर एजेंसी एवं उसके संचालकों के विरुद्ध प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की गई है, वही कंपनी ब्लैकलिस्टेड होने के बावजूद उसको काम दे दिया गया।

### झूठा शपथ पत्र लगाया गया

आरोप है कि कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी ने निविदा के साथ झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत किया था। इस संबंध में कई बार दस्तावेजों सहित शिकायतें दी गईं, लेकिन निविदा समिति ने उन्हें रिकॉर्ड में शामिल नहीं किया। सत्यप्रकाश मिश्रा का कहना है कि उन्होंने 6 मई, 26 मई, 14 जुलाई और 16 जुलाई 2026 को अलग-अलग शिकायतें प्रस्तुत कीं, लेकिन किसी पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि शिकायतों को जानबूझकर दबाया गया ताकि कार्यादेश निर्बाध रूप से जारी किया जा सके।

### सुरक्षा सेवाओं के टेंडर में भी अनियमितता

विवाद केवल मैनपावर सेवाओं तक सीमित नहीं है। शिकायतकर्ता ने सुरक्षा सेवाओं के लिए चयनित कामथेन सिक्योरिटी एजेंसी की निविदा प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि एजेंसी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय दरों में निविदा समिति ने कथित रूप से हस्तक्षेप कर उन्हें संशोधित किया और कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया। उक्त एजेंसी ने भी गलत शपथ पत्र प्रस्तुत किया था तथा उसके विरुद्ध विभिन्न जिलों में पूर्व में कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद उसे पात्र मानकर ठेका दे दिया गया।

### हुआ ऑनलाइन टेंडर, लेकिन पूरी प्रक्रिया हुई ऑफलाइन

शिकायतकर्ता का कहना है कि ऑनलाइन टेंडर प्रणाली का उद्देश्य पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है। नियमानुसार तकनीकी परीक्षण, पात्र एजेंसियों की सूची, वित्तीय निविदा, आपत्ति-निराकरण, अवार्ड लेटर, अनुबंध और कार्यादेश सभी चरण पोर्टल पर अपलोड किए जाने चाहिए। जिला अस्पताल में बैठे भ्रष्टाचारियों द्वारा मोटी रकम लेकर इन सभी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर ऑफलाइन तरीके से अनुबंध और कार्यादेश जारी कर दिया गया।

**इनका कहना है**

पूरी टेंडर प्रक्रिया शासन के नियमानुसार कराई गई है, ब्लैकलिस्ट कंपनी के संबंध में शासन के कोई भी दस्तावेज मुझे प्राप्त नहीं हुए हैं, यदि शिकायत हुई है तो जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ प्रतिभा मिश्रा- सिविल सर्जन जिला अस्पताल रीवा।**

# गुढ़ नगर परिषद में सियासी संग्राम तेज, अध्यक्ष के बाद 13 पार्षद भी आए सामने

## विधायक को बदनाम करने की साजिश? अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप

### मनमानी और कमीशनखोरी की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**रीवा।** जिले गुढ़ नगर परिषद में अध्यक्ष और पार्षदों के बीच चल रहा विवाद अब खुलकर राजनीतिक संघर्ष का रूप ले चुका है। बीते कुछ दिनों से नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह और गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी था, वहीं अब नगर परिषद के 15 में से 13 पार्षद भी खुलकर मीडिया के सामने आ गए हैं। संयुक्त पत्रकार वार्ता में पार्षदों ने अध्यक्ष पर करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं, मनमानी, कमीशनखोरी और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप लगाए। साथ ही उन्होंने कहा कि अध्यक्ष अपने ऊपर लगे आरोपों से ध्यान हटाने के लिए गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह सहित भाजपा नेताओं को बदनाम करने की साजिश रच रही हैं। हाल ही में नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के पीछे विधायक नागेंद्र सिंह और उनके निजी सचिव बाबूलाल यादव की भूमिका है। उन्होंने इसे सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए विधायक को खुली चेतावनी भी दी थी।इसी विवाद के बीच शनिवार को नगर परिषद के 13 पार्षदों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अध्यक्ष के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। पार्षदों ने कहा कि



अध्यक्ष अपने कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए विधायक का नाम विवाद में घसीट रही हैं।

### विधायक ने नहीं बनाया कोई दबाव

पार्षदों ने अध्यक्ष के उस आरोप को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि विधायक नागेंद्र सिंह ने रीवा स्थित अपने निवास पर बुलाकर 13 पार्षदों पर अविश्वास प्रस्ताव लाने का दबाव बनाया था। पार्षदों का कहना था कि न तो विधायक ने उन्हें इस उद्देश्य से बुलाया और न ही किसी प्रकार का राजनीतिक दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव नगर परिषद की कार्यप्रणाली और अध्यक्ष की कार्यशैली से असंतुष्ट होकर लाया गया है।

### करोड़ों की अनियमितताओं का लगाया आरोप

13 पार्षदों ने पत्रकार वार्ता के दौरान नगर परिषद में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया। उनका दावा है कि अध्यक्ष और तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मिलीभगत से लगभग 10 लाख रुपये का डीजल भुगतान संदिग्ध तरीके से किया गया। इसके अलावा अमृत 2.0 योजना के तहत करीब 73 लाख रुपये का कथित फर्जी भुगतान किया गया तथा विभिन्न वार्डों में बिना कार्य कराए लगभग 50 लाख रुपये के बिलों का भुगतान कर दिया गया। पार्षदों ने कहा कि इन मामलों को लेकर वे पहले भी कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

### बैठकें और बजट नहीं होने का आरोप

पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद अध्यक्ष नियमित रूप से परिषद और पीआईसी की बैठकें नहीं बुलातीं। उनका कहना है कि वर्ष 2025-26 और 2026-27 का बजट भी नियमानुसार परिषद से पारित नहीं कराया गया। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और नगर परिषद की प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि 13 पार्षद नगर के विकास के पक्षधर हैं, लेकिन अध्यक्ष की कार्यशैली के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।

# वनपाल 78 हजार रुपये की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने किया गिरफ्तार

### ट्रक छोड़ने और जुर्माना कम कराने के नाम पर मांगे थे दो लाख रुपये, पहली किश्त लेते ही स्वर्णलोक ढाबे पर हुई ट्रैप कार्रवाई

**रीवा।** जिले के सिरमौर वन परिक्षेत्र में पदस्थ एक कार्यवाहक वनपाल को लोकायुक्त पुलिस ने 78 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर ट्रक छोड़ने और वन प्रकरण में जुर्माना कम कराने के एवज में चालक से दो लाख रुपये की रिश्वत माग की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी को पहली किश्त के रूप में 78 हजार रुपये लेते समय धर दबोचा। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है, लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता नीरज यादव (34) निवासी ग्राम धनीपुर, पोस्ट बिजवार खुर्द, थाना खैराबाद, जिला सीतापुर ट्रक क्रमांक **UP**-15 **DT**-0614 का चालक है। उसने 10 जुलाई 2026 को लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय रीवा में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर बताया था कि 7 जून 2026 को वह लकड़ी से लदा ट्रक लेकर मुरादाबाद जा रहा था। इसी दौरान त्योंथर वन चौकी, वन परिक्षेत्र सिरमौर के कर्मचारियों ने उसका ट्रक पकड़ लिया था, जिसे लंबे समय तक नहीं छोड़ा गया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि ट्रक छुड़वाने तथा वन प्रकरण में लगाए जाने वाले जुर्माने की राशि कम कराने के लिए कार्यवाहक वनपाल दिनेश कुमार ने उससे दो लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने मामले का



सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की शिकायत सही पाई गई। सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा के निर्देश पर विशेष ट्रैप टीम गठित की गई। शनिवार को रीवा-सेमरिया मार्ग स्थित स्वर्णलोक ढाबा, पूर्वा फाल के समीप जाल बिछाया गया। तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोपी को रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 78 हजार रुपये सौंपे। जैसे ही आरोपी ने राशि अपने कब्जे में ली, पहले से मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। ट्रैप कार्रवाई के बाद आरोपी दिनेश कुमार (41) निवासी वार्ड क्रमांक-6, ग्राम रेरूआ पूर्वा, पोस्ट सोनौरी, जिला रीवा, जो वन परिक्षेत्र सिरमौर में कार्यवाहक वनपाल एवं परिक्षेत्र सहायक के पद पर पदस्थ है, के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा-7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। लोकायुक्त की टीम आरोपी से पूछताछ कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई हुआ। लोकायुक्त की टीम ने की कार्रवाईपूरी कार्रवाई का नेतृत्व निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया ने किया। उनके साथ उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार तथा लोकायुक्त पुलिस संभाग रीवा की टीम ने संयुक्त रूप से ट्रैप ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से 15 दिनों से अंधेरे में सुमेदा गांव, बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



**मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत चकरहनटोला के सुमेदा खुर्द गांव में पिछले 15 दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। लगातार बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायत करने के बावजूद आज तक ट्रांसफार्मर न तो बदला गया और न ही उसकी मरम्मत की गई।गांव के पवन गौतम, पप्पू गौतम, शुभम गौतम, इंद्रलाल गौतम, बबलू उरमलिया, महेंद्र गौतम, शिवप्रसाद कोरी एवं गोविंद कोरी ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। रात के समय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों में बिजली नहीं होने से पंखे, कूलर, टीवी सहित सभी विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं, वहीं मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए लोगों को दूसरे गांवों का सहारा लेना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं रहने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। जिन घरों में मोटर पंप से पानी निकाला जाता है, वहां पानी की समस्या खड़ी हो गई है। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है और छोटे बच्चों व बुजुर्गों को उमस भरी गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय अंधेरा रहने से जहरीले जीव-जंतुओं का भी खतरा बना रहता है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना दी, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। 15 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि सुमेदा खुर्द गांव में तत्काल नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन और प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से भी हस्तक्षेप कर शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है, ताकि गांव के लोगों को राहत मिल सके और सामान्य जनजीवन फिर से पटरी पर लौट सके।

## मऊगंज में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मऊगंज।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा मऊगंज संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 जुलाई को मऊगंज में चाक रोड ओवरब्रिज के पास निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा मऊगंज द्वारा श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के अधिष्ठाता को विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आवश्यक चिकित्सकीय सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिससे जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा मिल सके। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिला प्रशासन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, सूरत से गिरफ्तार हुआ आरोपी

**रीवा।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गुजरात के सूरत शहर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए मध्यप्रदेश छोड़कर गुजरात में छिपा हुआ था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और लगातार की गई निगरानी के आधार पर आरोपी का पता लगाया और उसे सूरत से गिरफ्तार कर रीवा ले आई। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी राम सिंह निवासी ग्राम सोनवर्षा, लालगांव है। उसके विरुद्ध समान थाना क्षेत्र की एक युवती ने जून माह में गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पहले उससे प्रेम संबंध स्थापित किए और फिर शादी करने का भरोसा देकर उसे अपने विश्वास में लिया। इसी भरोसे का फायदा उठाते हुए आरोपी उसे समान थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने



अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि पहली घटना के बाद आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देता रहा और इसी बहाने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती को विश्वास था कि दोनों का विवाह होगा, इसलिए वह आरोपी की बातों पर भरोसा करती रही। हालांकि समय बीतने के साथ जब उसने विवाह की बात दोबारा उठाई तो आरोपी टालमटोल करने लगा। बाद में उसने शादी से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने स्वयं को ठगा महसूस करते हुए समान थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। लेकिन मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी रीवा छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी, परंतु वह हाथ नहीं लगा। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गुजरात के सूरत शहर में रह रहा है। सूचना की पुष्टि होने के बाद रीवा पुलिस की टीम सूरत रवाना हुई। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर रीवा लाया गया, जहां उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## सिंगरौली जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे की माताजी का निधन, शोक की लहर

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री जगदीश कुमार गोमे की



पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती नर्मदा बाई गोमे का 21 जुलाई 2026 (अष्टमी) को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।स्वर्गीय श्रीमती नर्मदा बाई गोमे के निधन को परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अनेक लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को यह वज्रपात सहने का धैर्य, शक्ति एवं संबल प्रदान करें।भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं विनम्र नमन।

## हिंडालको महान में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' कार्यशाला का आयोजन

**सिंगरौली।** हिंडालको महान एवं सिंगरौली पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में हिंडालको महान के कम्युनिकेशन हॉल में "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 400 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लेकर नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सियाज के. एम., मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, सीएसआर एवं जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह, कार्मिक प्रबंधक रंधीर वत्स, मानव संसाधन विभाग से प्रणव सोनी एवं अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, कार्यस्थल और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी की सजगता और स्वस्थ जीवनशैली ही सुरक्षित कार्य संस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से नशे से दूर रहने, अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने तथा एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंडालको महान परिसर में गुटखा एवं तंबाकू सहित किसी भी प्रकार के नशे का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है तथा नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई एवं जुर्माने का प्रावधान भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल का निर्माण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सियाज के. एम. ने कहा कि












नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल पुलिस विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा वर्ग यदि सही दिशा में आगे बढ़े तो नशा मुक्त समाज का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए नशा विरोधी संदेशों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा अपराध, सड़क दुर्घटनाओं, घरेलू हिंसा और सामाजिक विघटन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। यदि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं नशे से दूरी बनाए और कम से कम एक अन्य व्यक्ति को इसके प्रति जागरूक करे, तो समाज में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हिंडालको महान के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक "नशा–नाश का द्वार" रहा। नाटक का लेखन एवं निर्देशन अभिषेक उपाध्याय ने किया। अभिषेक उपाध्याय, दिलीप गौतम, वैष्णवी, आदर्श एवं के. पी. शर्मा ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति को कर्मचारियों ने खूब सराहा। इस अवसर पर नशा विरोधी अभियान को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने में योगदान देने वाले **Singrauli View Page** के विपुल शर्मा, **Singrauli Official Page** के अरमान रजा तथा **Singrauli Baba Page** के देवराज बाल्मीकि को पुलिस अधीक्षक सियाज के. एम. ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली। आभार प्रदर्शन सीएसआर एवं जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में थाना बरगवां के थाना प्रभारी अनिल पटेल सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीरेंद्र पाण्डेय ने किया। आयोजन को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग के प्रणव सोनी, मनीष सिंह, मोहित शुक्ला, ओम प्रकाश गेरूला एवं हरिशंकर मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खेलेंगे मैदान में, नहीं फंसेंगे नशे के जाल में: "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता

"फुटबॉल के मैदान से उठा नशामुक्ति का संदेश, युवाओं ने खेल के माध्यम से लिया नशे से दूर रहने का संकल्प"

**सिंगरौली** "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान के तहत एनटीपीसी विंध्यनगर में आयोजित हुआ रोमांचक फुटबॉल मैच, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक सिंगरौली षियाज के.एम. के मार्गदर्शन में संचालित "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान के अंतर्गत आज डॉ. अंबेडकर स्टेडियम, एनटीपीसी विंध्यनगर में नशामुक्ति जनजागरूकता हेतु फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा का खिलाड़ियों ने तालियों की गड़गड़ाहट एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इसके उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।
प्रतियोगिता में एम.एस.सी. बार्सिलोना जूनियर बैढ़न एवं डी.एफ.ए. अंडर-17 सिंगरौली की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व सभी खिलाड़ियों को "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान की थीम अंकित टी-शर्ट/स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई गई, जिससे खेल के साथ-साथ नशामुक्ति का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन की दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपनी



ऊर्जा खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों में लगाएँ और नशे जैसी सामाजिक बुराई से सदैव दूर रहें।
प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को उनकी उत्कृष्ट खेल भावना एवं प्रदर्शन के लिए शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मैच विजेता डी.एफ.ए. अंडर-17 सिंगरौली की टीम रही है।*
मैच का सफल संचालन रेफरी असगर अली, आकाश एवं यश वर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर हेमंत कुमार, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, साइबर सेल प्रभारी पवन सिंह, सूबेदार आशीष तिवारी, प्रधान आरक्षक नितिन गौतम, प्रधान आरक्षक आशीष बागरी, ब्लॉक समन्वयक बैढ़न, कल्याण विभाग के राकेश मिश्रा, लवकुश तिवारी (सचिव, जिला फुटबॉल खेल संघ, सिंगरौली), संजय कुमार शाह (जिला मंत्री, क्रीड़ा भारती) सहित पुलिस अधिकारी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।*सिंगरौली पुलिस द्वारा संचालित "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान के अंतर्गत खेल, शिक्षा, संस्कृति एवं जनसहभागिता के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।*